# बिहार विधान सभा सचिवालय

## निविदा आमंत्रण

ज्ञापांकः–सी०टी०–06/2024 – 1898 /वि०स०, पटना, दिनांकः– 22-07-2024

बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के कुल 33 (तैंतीस) अदद सोफा एवं 55 (पचपन) अदद कुर्सियों की आंशिक मरम्मति के लिए विभिन्न स्थानीय इच्छुक प्रतिष्ठानों/फर्मों से न्यूनतम दर GST सहित सीलबंद लिफाफा में निविदायें अवर सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से उनके कार्यालय कक्ष में दिनांकः– 05.08.2024 को 03.00 बजे अप० तक आमंत्रित की जाती है । सभी प्राप्त निविदायें क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसकी सूचना प्राप्त कोटेशन पर अंकित दूरभाष पर दी जाएगी, जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं ।

**निविदा से संबंधित आवश्यक निर्धारित शर्तें:–**

1. निविदा सीलबंद लिफाफा में जिस पर फर्म का नाम, पता, दूरभाष, मोबाईल एवं ईमेल संख्या अंकित होना चाहिए ।
2. निविदा टंकित एवं इसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर एवं मुहर होना आवश्यक है ।
3. निविदा के साथ संलग्न सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित एवं सांख्यांकित होना चाहिए ।
4. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण–पत्र, दो वर्षों का अद्यतन आयकर चुकता प्रमाण–पत्र एवं जी.एस.टी. निबंधन प्रमाण–पत्र संलग्न होना चाहिए । आवश्यक कागजात सही पाये जाने पर ही वित्तीय बोली का मूल्यांकन किया जा सकेगा ।
5. सभी निविदादाता कार्यालय अवधि में अवर सचिव के दूरभाष संख्या–9430603610 पर निविदा पूर्व निविदा से संबंधित सूचना या स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं ।
6. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।
7. निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदादाता को उपर्युक्त सभी शर्तें मान्य है ।

आदेश से,

22/7/24

(संजीव कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।